14.30–15.00	कृषि सम्बन्धी विभिन्न प्रसार कार्यक्रम	डा0 बी0डी0 सिंह, प्राध्यापक(सस्य विज्ञान), प्रसार शिक्षा निदेशालय	9412952034
15.00–15.15	**चाय**		
15.15–17.30	उत्तराखण्ड के संदर्भ में कृषि में विशेषज्ञ प्रणाली	डा. अर्पिता शर्मा, सहा. प्राध्यापक, कृषि संचार विभाग, कृषि महाविद्यालय	9639617853
27.02.2020			
9.30–11.00	कृषि में रिमोट सेंसिग एवं जी0आई0एस0 का उपयोग	डा0 राजीव रंजन, सहायक प्राध्यापक, कृषि मौसम विज्ञान विभाग,कृषि महाविद्यालय	
11.00–11.15	**चाय**		
11.15–13.00	प्रक्षेत्र भ्रमण– जी0आई0एस0, कियोस्क एवं कृषि सम्बन्धी वेबसाईटों का प्रदर्शन	डा0 राजीव रंजन, सहायक प्राध्यापक, कृषि मौसम विज्ञान विभाग,कृषि महाविद्यालय	
13.00–14.30	**भोजनावकाश**		
14.30–15.30	कृषि प्रसार माड्यूलः आतमा	डा0 नीलम भारद्वाज, प्राध्यापक कृषि संचार विभाग, कृषि महाविद्यालय	9759074050
15.30–15.35	**चाय**		
15.35–17.30	संचार एवं प्रसार प्रक्रिया में प्रसार कर्मियों के लिए आवश्यक नेतृत्व कौशल	डा. अर्पिता शर्मा, सहा. प्राध्यापक, कृषि संचार विभाग, कृषि महाविद्यालय	9639617853
28.02.2020			
9.30–11.00	कृषि विपणन में एगमार्कनेट की भूमिका	डा0 चन्द्रदेव, प्राध्यापक कृषि अर्थशास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय	9412420903
11.00–11.15	**चाय**		
11.15–13.00	सॉफ्ट स्किल्सः अनुसंधान एवं प्रसार के लिए एक परिचय	डा0 अर्पिता शर्मा, सहायक प्राध्यापक, कृषि संचार विभाग, कृषि महाविद्यालय	9639617853
13.00–14.30	**भोजनावकाश**		
14.30–16.00	फल एवं सब्जियों की विपणन व्यवस्था	डा0 पी0एन0 सिंह, प्राध्यापक (उद्यान)	9412352008
16.30–17.30	प्रमाण–पत्र वितरण एवं समापन	निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी–उत्तराखण्ड	

6 वित्त पोषित प्रशिक्षण

6.1 इंडक्शन ट्रैनिंग ऑफ आतमा फंक्शनरीज

कृषि निदेशालय, देहरादून से वित्त पोषित 'इंडक्शन ट्रैनिंग ऑफ आतमा फंक्शनरीज' विषयक प्रशिक्षण फरवरी 03–05, 2020 को आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कृषि विभाग के 37 अधिकारी/कर्मचारी एवं आतमा के पदाधिकारियों के क्षमता विकास हेतु रखा गया था जिसमें अधिकारियों की उपस्थिति 21 थी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि विकास में एक प्रसार तंत्र के रूप में फार्म स्कूल एवं फार्मस फील्ड स्कूल की अवधारणा, पर्वतीय क्षेत्रों में सब्जियों की संरक्षित खेती की सम्भावनाए, पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों हेतु सूक्ष्म सिंचाई पद्धति, कृषि प्रसार प्रक्रिया में प्रसार कर्मियों के लिए नेतृत्व कौशल का विकास, आतमा कार्यक्रम के विभिन्न घटक एवं उनका संचालन, पर्वतीय क्षेत्रों में मुर्गी पालन का व्यवसाय, समन्वित खेती प्रणाली, कृषक प्रसार की वर्तमान स्थिति एवं बदलते परिवेश में प्रसार सुधार की आवश्यकता इत्यादि विशय पर विश्वविद्यालय के विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान दिये गये। प्रशिक्षणार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न शोध केन्द्रों का भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षणोपरान्त फीडबैक के रूप में अधिकारियों ने कहा कि पंतनगर से सीखें कृषि के नये तकनीक यथा संरक्षित सब्जी उत्पादन, ड्रिप सिंचाई, मुर्गी पालन, समन्वित खेती प्रणाली इत्यादि का अपने–अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार–प्रसार का यथा संभव प्रयास करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न सूची के अनुसार सम्पन्न कराया गया:

दिनॉक/समय	विवरण	वार्ताकार/वैज्ञानिक	मोबाइल नं0
03.02.2020			
10.00–11.00	पंजीकरण	डा0 भावना बंगारी, श्रीमती सुषमा सिंह वरिष्ठ शोध अध्येतागण–समेटी	
11.00–13.00	उद्घाटन कार्यक्रम	निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी–उत्तराखण्ड	
13.00–14.30	**भोजनावकाश**		
14.30–16.00	पर्वतीय क्षेत्रों में मुर्गी पालन का व्यवसाय	डा0 अवधेश कुमार, प्राध्यापक पशुपालन एवं पशुचिकित्सा प्रसार शिक्षा विभाग, पशुविज्ञान एवं पशुचिकित्सा महाविद्यालय	9412680179
16.00–16.15	**चाय**		
16.15–17.30	कृषि विकास में एक प्रसार तंत्र के रूप में फार्म स्कूल एवं फार्मस फील्ड स्कूल की अवधारणा	डा0 बी0एस0 कार्की, प्राध्यापक सस्य प्रसार शिक्षा निदेशालय	7579174120
04.02.2020			
09.30–11.00	पर्वतीय क्षेत्रों में सब्जियों की संरक्षित खेती की सम्भावनाएं	डा0 ललित भट्ट, सहायक निदेशक सब्जी विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय	9412986485
11.00–11.15	**चाय**		
11.15–13.00	पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों हेतु सूक्ष्म सिंचाई पद्धति	डा0 पी0के0 सिंह, प्राध्यापक सिंचाई एवं जल निकास, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय	9690012757
13.00–14.30	**भोजनावकाश**		
14.30–16.00	कृषि प्रसार प्रक्रिया में प्रसार कर्मियों के लिए नेतृत्व कौशल का विकास	डा0 बी0एस0 कार्की, प्राध्यापक सस्य प्रसार शिक्षा निदेशालय	7579174120
16.00–16.15	**चाय**		
16.15–17.30	आतमा कार्यक्रम के विभिन्न घटक एवं उनका संचालन	डा0 नीलम भारद्वाज, प्राध्यापक कृषि संचार विभाग, कृषि महाविद्यालय	9759074050
05.02.2020			
9.30–11.00	समन्वित खेती प्रणाली	डा0 सुभाष चन्द्रा, प्रधान वैज्ञानिक सस्य विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय	9719054085
11.00–11.15	**चाय**		
11.15–13.00	कृषक प्रसार की वर्तमान स्थिति एवं बदलते परिवेश में प्रसार सुधार की आवश्यकता	डा0 अर्पिता शर्मा, सहायक प्राध्यापक कृषि संचार विभाग, कृषि महाविद्यालय	9639617853
13.00–14.30	**भोजनावकाश**		
14.30–16.00	विश्वविद्यालय के विभिन्न शोध केन्द्रों का भ्रमण	डा0 मोहन सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य), प्रसार शिक्षा निदेशालय	7500241451
16.00–17.30	प्रमाण–पत्र वितरण एवं समापन	निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी–उत्तराखण्ड	

प्रशिक्षणार्थियों का विवरण

क्र.सं.	नाम	पदनाम	पता	मोबाइल नं0
1.	श्री अभिषेक अग्रवाल	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–कालसी, जनपद–देहरादून	9411136622
2.	श्री संजय सिंह	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–चकराता, जनपद–देहरादून	9412116431
3.	श्री गौतम चौधरी	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–नारसन, जनपद–हरिद्वार	9456457892
4.	श्री सूरज बेंजवाल	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–रूड़की, जनपद–हरिद्वार	9675251798
5.	श्री गोरख सिंह	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–लक्सर, जनपद–हरिद्वार	9720879767
6.	श्री उदय वीर सिंह	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–पाबौ, जनपद–पौड़ी गढ़वाल	9528927814
7.	श्री मोहित कुमार	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–यमकेश्वर,जनपद–पौड़ी गढ़वाल	7060035542
8.	श्री रोहित कुमार राठी	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–द्वाराहाट, जनपद–अल्मोड़ा	9675974186
9.	श्री पंकज भारती	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–स्याल्दे, जनपद–अल्मोड़ा	9410358014
10.	श्री उमेश कुमार	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–सल्ट, जनपद–अल्मोड़ा	9927112201
11.	श्री अंकुर कुमार	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–लोहाघाट, जनपद–चम्पावत	9917981598
12.	श्री नवीन थपलियाल	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–गैरसेंण, जनपद–चमोली	8392828484
13.	श्री विकास वर्मा	उप परियोजना निदेशक	कार्यालय–मुख्य कृषि अधिकारी, जनपद–चमोली	9410364572
14.	श्री संदीप सिंह	उप परियोजना निदेशक	चम्पावत	9012783928
15.	श्री हीरा लाल सरकार	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	पिथौरागढ़	–
16.	श्री प्रताप ढाली	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–धारचूला, जनपद–पिथौरागढ़	–
17.	श्री अंशु गुप्ता	सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–03	जनपद–चम्पावत	–
18.	श्री सौरभ लाल शाह	सहायक कृषि अधिकारी	कृषि विभाग–रूद्रप्रयाग, जनपद–रूद्रप्रयाग	8393859662
19.	श्री विकास शाह	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–थराली, जनपद–चमोली	8126391550
20.	श्री संतोश कुमार गर्जोला	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक	विकास खण्ड–बेरीनाग, जनपद–पिथौरागढ़	–
21.	श्री पवन कुमार	सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–03	जनपद–बागेश्वर	–

6.2 रिफ्रेशर ट्रैनिंग ऑफ आतमा फंक्शनरीज

कृषि निदेशालय, देहरादून से वित्त पोषित प्रशिक्षण 'रिफ्रेशर ट्रैनिंग ऑफ आतमा फंक्शनरीज' फरवरी 10–12, 2020 को आयोजित किया गया। पूर्व प्रशिक्षण की भांति यह भी कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, आतमा पदाधिकारी के क्षमता विकास हेतु निर्धारित था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत खरीफ फसलों की उन्नत खेती, पर्वतीय क्षेत्रों में सब्जियों की संरक्षित खेती, पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों हेतु सूक्ष्म सिंचाई पद्धति, कृषि विकास में एक प्रसार तंत्र के रूप में फार्म स्कूल एवं फारमर्स फील्ड स्कूल की अवधारणा, समन्वित खेती प्रणाली, पशुपालन एवं दुग्ध प्रबंधन, पर्वतीय क्षेत्रों में मुर्गी पालन का व्यवसाय, रबी फसलों की उन्नत खेती, कृषक प्रसार की वर्तमान स्थिति एवं बदलते परिवेश में प्रसार सुधार की आवश्यकता, कृषि विकास में एक प्रसार कर्मी के रूप में कृषक की भूमिका इत्यादि विषयों पर विश्वविद्यालय के विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान दिये गये। प्रशिक्षणार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न शोध केन्द्रों का भ्रमण कराया गया। इस प्रशिक्षण में 27 अधिकारियों को नामित किया गया था परन्तु कुल 13 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया। फीडबैक के रूप में प्रत्येक का यह मानना था कि यहाँ से सीखे कृषि तकनीक का अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार–प्रसार, नये तकनीक से क्षेत्रफल विस्तार का प्रयास करेंगे, जिससे कृषक की आय बढ़ोत्तरी का सपना साकार हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न सूची के अनुसार सम्पन्न कराया गया:

सब्जी अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण करते प्रशिक्षणार्थी

प्रशिक्षणार्थियों का विवरण

क्र.सं.	नाम	पदनाम	पता	मोबाइल नं0
1.	श्री संजीव कुमार	सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–03	कृषि एवं भूमि संरक्षण इकाई–धूमाकोट, जनपद–पौड़ी गढ़वाल	9634177179
2.	श्री जय सिंह	सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–03	कृषि एवं भूमि संरक्षण इकाई–धूमाकोट, जनपद–पौड़ी गढ़वाल	9917544941
3.	श्री दीपक कुमार बमोला	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा)	कृषि विभाग–जोशीमठ, जनपद–चमोली	9997345740
4.	श्री मनमोहन सिंह नेगी	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा)	विकास खण्ड–घाट, जनपद–चमोली	7902142861
5.	श्री अनिरूद्ध राणा	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा)	विकास खण्ड–सहसपुर, जनपद–देहरादून	9992844418
6.	श्री नत्थीराम नौटियाल	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा)	विकास खण्ड–भैंसियाछाना, जनपद–अल्मोड़ा	9411522927
7.	श्री अरविन्द सिंह	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा)	विकास खण्ड–रायपुर, जनपद–देहरादून	9758501482
8.	श्री मधुसूदन भट्ट	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा)	विकास खण्ड–डोईवाला, जनपद–देहरादून	9917904891
9.	श्री सुरजीत सिंह	सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–03	कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी–लोहाघाट, जनपद–चम्पावत	7088988146
10.	श्री पंकज कुमार थापा	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा)	विकास खण्ड–कपकोट, जनपद–बागेश्वर	9410380193
11.	श्री अजय चौकरायत	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा)	कृषि विभाग, विकास खण्ड–चम्पावत, जनपद–चम्पावत	9568178492
12.	श्री मो0 आसिफ	प्रगतिशील कृषक	वार्ड नं.–08, पंत कॉलोनी, विकास खण्ड–किच्छा, जनपद–ऊधमसिंहनगर	9927633976
13.	श्री सोहनवीर कुमार	ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक (आतमा)	विकास खण्ड–हवालबाग, जनपद–अल्मोड़ा	–

दिनॉक/समय	विवरण	वार्ताकार/वैज्ञानिक	मोबाइल नं0
10.02.2020			
09.30–10.00	पंजीकरण	डा0 भावना बंगारी, श्रीमती सुषमा सिंह वरिष्ठ शोध अध्येतागण–समेटी	
10.00–10.15	उद्घाटन कार्यक्रम	निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी–उत्तराखण्ड	
10.15–11.15	खरीफ फसलों की उन्नत खेती	डा0 बी0डी0 सिंह, प्राध्यापक (सस्य विज्ञान), प्रसार शिक्षा निदेशालय	9412952034
11.15–11.30	**चाय**		
11.30–13.00	पर्वतीय क्षेत्रों में सब्जियों की संरक्षित खेती	डा0 ललित भट्ट, सहायक निदेशक सब्जी विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय	9412986485
13.00–14.30	**भोजनावकाश**		
14.30–16.00	पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों हेतु सूक्ष्म सिंचाई पद्धति	डा0 पी0के0 सिंह, प्राध्यापक सिंचाई एवं जल निकास प्रौद्योगिकी महाविद्यालय	9690012757
16.00–16.15	**चाय**		
16.15–17.30	कृषि विकास में एक प्रसार तंत्र के रूप में फार्म स्कूल एवं फार्मस फील्ड स्कूल की अवधारणा	डा0 बी0एस0 कार्की, प्राध्यापक सस्य प्रसार शिक्षा निदेशालय	7579174120
11.02.2020			
09.00–10.15	समन्वित खेती प्रणाली	डा0 सुभाष चन्द्रा, प्रधान वैज्ञानिक सस्य विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय	9719054085
10.15–11.10	पशुपालन एवं दुग्ध प्रबंधन	डा0 संजय चौधरी, प्राध्यापक (पशुपालन), प्रसार शिक्षा निदेशालय	
10.10–11.15	**चाय**		
11.15–13.00	पर्वतीय क्षेत्रों में मुर्गी पालन का व्यवसाय	डा0 अवधेश कुमार, प्राध्यापक पशुपालन एवं पशुचिकित्सा प्रसार शिक्षा विभाग, पशुविज्ञान एवं पशुचिकित्सा महाविद्यालय	9412680179
13.00–14.30	**भोजनावकाश**		
14.30–17.30	विश्वविद्यालय के विभिन्न शोध केन्द्रों का भ्रमण	डा0 एस0के0 मौर्य, सहायक प्राध्यापक सब्जी विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय	9411159800
12.02.2020			
9.30–11.00	रबी फसलों की उन्नत खेती	डा0 आर0के0 शर्मा, प्राध्यापक प्रसार शिक्षा निदेशालय	7455967561
11.00–11.15	**चाय**		
11.15–13.00	कृषक प्रसार की वर्तमान स्थिति एवं बदलते परिवेश में प्रसार सुधार की आवश्यकता	डा0 अर्पिता शर्मा, सहायक प्राध्यापक कृषि संचार विभाग, कृषि महाविद्यालय	9639617853
13.00–14.30	**भोजनावकाश**		
14.30–16.00	कृषि विकास में एक प्रसार कर्मी के रूप में कृषक की भूमिका	डा0 बी0एस0 कार्की, प्राध्यापक सस्य प्रसार शिक्षा निदेशालय	7579174120
16.00–17.00	पर्वतीय क्षेत्र की प्रमुख स्वरोजगारपरक कृषि कार्यक्रम–परिचय	डा0 बी0डी0 सिंह, प्राध्यापक (सस्य विज्ञान), प्रसार शिक्षा निदेशालय	9412952034
17.00–17.30	प्रमाण–पत्र वितरण एवं समापन	निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी–उत्तराखण्ड	

7 कृषकों के आर्थिक समृद्धि में अहम भूमिका निभाती समेटी–उत्तराखण्ड (सफलता की कहानियां)

7.1 कृषि विविधिकरण से बढ़ता–आर्थिक सशक्तिकरण

श्री मनमोहन सिंह पुत्र श्री चन्दन सिंह मेहरा, ग्राम–कटना, पो0आ0–बेड़चूला, विकास खण्ड–ओखलकाण्डा, जनपद–नैनीताल निवासी हैं। युवा कृषक श्री सिंह बारहवीं पास कर वर्ष 2016 में सेना भर्ती में गये, पर दुर्भाग्यवश सेना में चयन नहीं हुआ। इस घटना से द्रवित होकर इन्होंने गांव में ही रहकर कृषि का कार्य करने की योजना बनाई, जिससे गांव में ही रहते हुए आय का साधन बने एवं पलायन भी रूके। मन में उठ रहीं जिज्ञासाओं के समाधान हेतु धीरे–धीरे आप रेखीय विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं पंतनगर के वैज्ञानिकों से सम्पर्क करते रहे। सर्वप्रथम इन्होंने क्षेत्र के अन्य कृषकों को पानी की कमी से कृषि से विमुख होते देखा तो पुराने कुएँ का जीर्णोद्धार कर मोटर लगाई और 50,000 लीटर क्षमता का तालाब तैयार कर जल संरक्षण प्रारम्भ किया। आपने ज्योलीकोट से मशरूम, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, हल्द्वानी से मौन पालन का प्रशिक्षण लेकर अपने प्रक्षेत्र पर मशरूम व मौन पालन का कार्य शुरू किया। आगे चलकर संरक्षित जल का उपयोग करते हुए आपने मत्स्य पालन व बेमौसमी सब्जी उत्पादन भी प्रारम्भ किया। पंतनगर में प्रशिक्षण के दौरान सब्जी अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण किया, वहाँ से आपने उन्नत सब्जी उत्पादन तकनीक जैसे पॉली हाउस, शेडनेट, लो–पॉली टनल, प्लास्टिक मल्च इत्यादि सीखे। वर्तमान में इन सभी तकनीक को वे अपनी खेती में मूर्तरूप दे रहे हैं। गत वर्ष कृषि विभाग के सहयोग से आपने एक और तालाब व वर्मी कम्पोस्ट यूनिट बनाया। पंतनगर में देखे पॉली हाउस से प्रेरणा लेकर आप 200 वर्ग मीटर के पॉली हाउस में स्ट्राबेरी की खेती कर रहे हैं। आपका पूरा दो एकड़ का प्रक्षेत्र कृषि विविधिकरण का आदर्श नमूना है, जिसमें आप पशुपालन, बकरी पालन, मधुमक्खी, मत्स्य, सब्जी, दलहन, तिलहन, इत्यादि की खेती कर रहे हैं। इन सब घटकों से आप प्रति वर्ग रू. 1.5–2 लाख की आय प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2019 से आपको पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कृषि मेले में प्रगतिशील कृषक के रूप में विभूषित किया गया है। इनकी प्रेरणा से क्षेत्र के लगभग 10 कृषक, जो कृषि से दूर हो रहे थे, पुनः खेती की ओर आकर उज्ज्वल भविष्य बनाने का सपना साकार कर रहे हैं।

विभिन्न कृषि सम्बन्धित क्रिया कलापों के साथ श्री मनमोहन सिंह

7.2 अभिनव प्रयोगों से क्षेत्र के दूसरे किसानों के रोल मॉडल बनते श्री डंगवाल

श्री हर्ष सिंह डंगवाल पुत्र श्री वीर सिंह डंगवाल, ग्राम–सुनकिया, पोस्ट–भटेलिया, विकास खण्ड–धारी, जनपद–नैनीताल (उत्तराखण्ड) के निवासी हैं। बदलते हुए मौसम में किसानों की अधिक लागत, कम उत्पादन, उत्पादन गुणवत्ता की कमी, किसानों की आर्थिक स्थिति में दिन–प्रतिदिन गिरावट, किसानों का पलायन, इन सभी बिन्दुओं को देखते हुए आपने जनपद में कृषि, उद्यान, मत्स्य विभाग के अधिकारी एवं पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से सम्पर्क किया। धीरे–धीरे कृषि के नवीनतम विधाओं जैसे–जैविक कृषि, मशरूम, कीवी इत्यादि के उत्पादन एवं विपणन की ओर स्वयं व अन्य कृषकों का रूझान बढ़ाने का प्रयास किया। विभिन्न अधिकारी व वैज्ञानिकों के सम्पर्क में आने के बाद आपने महसूस किया कि खेती हेतु कृषि के तकनीक की जानकारी आवश्यक है। इसे कार्यरूप देने हेतु आपने आतमा परियोजना के माध्यम से स्वयं और क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण और जागरूक करना प्रारम्भ किया। इसके लिए आप प्रसार शिक्षा निदेशालय, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर से संरक्षित सब्जी उत्पादन और शीतल मत्स्य पालन का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। वर्षा आधारित खेती, बिखरे जोत, सीढीनुमा खेत जैसी परिस्थितियों से जूझते हुए श्री डंगवाल अन्य मेहनती काश्तकारों के साथ बागवानी, सब्जी उत्पादन के साथ जल संरक्षण, कैंचुआ खाद, मत्स्य पालन, मौन पालन का कार्य भी आरम्भ किया। अन्य कृषकों को जोड़ने के लिए आतमा के सहयोग से दो समूह यथा पहला– रसायन से जैविक की तरफ लौटने के लिए जैविक उत्पादन ग्रुप और दूसरा– फल सब्जी की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लक्ष्मी उद्यान समूह की स्थापना की। आपका सपना रहा है कि गॉव क्षेत्र के ज्यादा कृषि से जोड़े जिससे इनका पलायन रूके और घर से ही आय अर्जन का रास्ता बने। उद्देश्यों की क्षति हेतु आप लोगों को निःशुल्क सब्जी पौध, बीज आदि वितरित करते रहते है। परिणामस्वरूप वर्तमान में गांव के किसान, वर्षा जल संरक्षण, सब्जी उत्पादन और बागवानी से अधिक उत्पादन ले रहे हैं। फलतः आर्थिकी भी सुधर रही है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि ये लोग दृढ़ संकल्पित है कि अब कहीं भी बाहर न जाकर कृषि से ही भविष्य बनायेंगे श्री डंगवाल पंतनगर विश्वविद्यालय तथा राज्य सरकार द्वारा प्रगतिशील कृषक के रूप में भी सम्मानित किये गये हैं। आने वाले वर्षों में आप अपने गांव व अन्य कृषकों के भी उत्थान हेतु कृत संकल्प है।

उन्नत तकनीक सफल किसान को चरितार्थ करते श्री डंगवाल

7.3 उन्नत प्रजातियों के प्रयोग व यंत्रीकरण से बढ़ती खुशहाली

श्रीमती कुसुम देवी पत्नी श्री चन्द्रशेखर सेमवाल, ग्राम–सिलगोट, विकास खण्ड–ऊखीमठ, जनपद–रूद्रप्रयाग की निवासी है। वर्षा आधारित खेती, छोटे–छोटे यहाँ–वहाँ फैले खेत, स्थानीय बीज का प्रयोग, तकनीकी जानकारी का अभाव ये कुछ ऐसे यक्ष प्रश्न थे, जो इनके खेती में जी तोड़ परिश्रम को भी व्यर्थ कर कृषि को अलाभकारी बना देते थे, जिससे इनका मन बहुत व्यथित होता था। लगभग 4 वर्ष पूर्व आप किसी योजना की जानकारी हेतु ब्लाक गई थी, वहीं पर आपकी मुलाकात कृषि विभाग के कर्मचारी व आतमा के पदाधिकारी से हुई। आपने इन लोगों से अपनी व्यथा बताते हुए मार्गदर्शन माँगा। इन अधिकारियों की सलाह पर आपने धान और उर्द की नई प्रजातियों का प्रयोग करते हुए वैज्ञानिक विधि से खेती की। इन दोनों फसलों में अधिकारियों से सलाहनुसार जैविक उर्वरक का भी प्रयोग किया। आपने प्रथम वर्ष ही महसूस किया कि नये बीज के प्रयोग, बीज शोधन, संतुलित उर्वरक प्रयोग, ट्राइकोर्डमा के द्वारा उपज में करीब 1.5–2 गुना वृद्धि हुई। इस परिणाम से उत्साहित श्रीमती कुसुम ने रबी में पुनः गेहूँ, मसूर, सरसों के नये बीजों का प्रयोग करते हुए उन्नत विधि से खेती की, जिसका सकारात्मक परिणाम मिला। आपकी बहुत इच्छा थी पंतनगर देखने की, जिसके बारे में आतमा के अधिकारी से बात की। शीघ्र ही उन्हें अवसर मिला समेटी के प्रशिक्षण में भाग लेने का। यहाँ आपने फसल, सब्जी, फल, मत्स्य पालन के शोध केन्द्र का भ्रमण किया, जिससे उन्होंने खेती में व्यावहारिक दक्षता हासिल की। यहाँ से आपने संकल्प लिया कि पंतनगर से सीखी तकनीक को अपने खेतों में फलीभूत करूँगी। विभाग से सम्पर्क बढ़ने पर आपने अनुदान पर पावर टिलर व पावर थ्रेसर खरीदा। इससे उनके श्रम एवं समय दोनों की बचत होती है। दूसरे लोग भी किराये पर इसका प्रयोग करते हैं, जिसके बदले में इन्हें अतिरिक्त धनराशि मिल जाती है। नये तकनीक से वर्ष दर वर्ष आपकी आमदनी बढ़ रही है, जिसका उपयोग वह शिक्षा, उन्नत कृषि यंत्र क्रय आदि पर करती हैं। पूर्व में जहॉ बमुश्किल कुछ नकद हॉथ में आता था। अब लगभग रू. 40–50 हजार की बचत हो जाती है। आप गॉव की महिलाओं के साथ समूह बनाकर भी कृषि को नया स्वरूप दे रही है। आपका मानना है कि कृषि विभाग एवं पंतनगर ने इनकी कृषि को एक नया स्वरूप प्रदान किया है।

उन्नत तकनीक से खेती करती श्रीमती कुसुम देवी

7.4 सब्जी उत्पादन द्वारा धन उत्पादन

''रिवर्स पलायन'' का अलख जगाते **श्री आनन्द मणि भट्ट**, ग्राम–अलचौना, पोस्ट–चांफी, विकास खण्ड–भीमताल, जनपद–नैनीताल निवासी शहर की 12 वर्ष पुरानी नौकरी छोड़कर उन्नत कृषि कर रहे हैं और समाज में कृषि के ज्ञान केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। इनके जीवन में वर्ष 2014 में बड़ा परिवर्तन आया जब पंतनगर किसान मेले में आतमा के पदाधिकारी एवं वैज्ञानिकों से आपका सम्पर्क हुआ। धीरे–धीरे सम्पर्क बढ़ने पर आप आतमा परियोजना के वित्तीय सहयोग तथा वैज्ञानिकों के तकनीकी सहयोग से उन्नत तकनीक अपना कर खेती प्रारम्भ किये। आपने पंतनगर भ्रमण के दौरान सब्जी एवं उद्यान अनुसंधान केन्द्र पर चल रहे अनुसंधान से प्रेरित होकर टमाटर, शिमला मिर्च, बैंगन, आलू, सब्जी, मटर आदि की उन्नत खेती एवं विपणन से अच्छा–खासा पैसा कमा रहे हैं। आप द्वारा शीघ्र ही मत्स्य पालन प्रारम्भ किया जाना है, जिसकी वित्तीय मदद मत्स्य विभाग दे रहा है। पंतनगर किसान मेले में आप अपनी सब्जी एवं अन्य उत्पादों का विक्रय कर आय अर्जन करते हैं। आप प्रधानमंत्री कृषि योजना अन्तर्गत जैविक खेती को प्रोत्साहन दे रहे हैं और अन्य युवाओं को भी इससे जोड़ रहे हैं। वर्तमान में कृषि से प्रति वर्ष आप लगभग रू. 1.00 लाख की शुद्ध बचत करते हैं। वर्ष 2017 में आपको उत्तराखण्ड सरकार द्वारा ''किसान भूषण'' सम्मान से विभूषित किया गया है। इनका मानना है कि बड़े शहरों में छोटा–मोटा दोयम दर्जे का काम करने से अच्छा है अपनी माटी में काम करते हुए प्रतिष्ठा अर्जित करना एवं रिवर्स पलायन हेतु दूसरों के लिए प्रेरणा श्रोत बनना। आपके इस विचार को चरितार्थ करते हुए कम से कम 06 कृषक आपके पद चिन्हों पर चलना प्रारंभ कर दिये है। अन्त में श्री भट्ट कहते हैं कि मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती। सच्चे मन से काम करेंगे तो निश्चित ही सफलता आपके कदम चूमेगी।

बेमौसमी सब्जी उत्पादन करते श्री आनन्द मणि भट्ट

7.5 मशरूम उत्पादन तकनीक अपनायी घर में खुशियाँ लायी

श्री मनोज कुमार चन्दोला पुत्र श्री पूरन चन्द्र चन्दोला, ग्राम–जयपुर खीमा, विकास खण्ड–हल्द्वानी, जनपद–नैनीताल के निवासी हैं। आपके पास 03 नाली खेत है, जिसमें धान–गेहूँ की खेती होती है, जिससे नगण्य आय होती थी और कभी–कभी बुवाई किये हुय बीज जितनी भी उपज नहीं होती थी। शहरी आबो–हवा, दिनों दिन बढ़ते सरकारी नौकरी का अभाव, शिक्षा में बढ़ते धन की आवश्यकता आदि को देखते हुए आप कोई कृषि आधारित व्यवसाय करना चाह रहे थे। मशरूम का आकर्षण आप में कूट–कूट कर भरा था, जिसको फलीभूत करने हेतु मशरूम का व्यवसाय शुरू करने की योजना बनाई। चूंकि हल्द्वानी शहर पास था इसलिए बाजार की भी समस्या नहीं थी। खेती प्रारम्भ करने से पूर्व अधिकारियों की सलाह पर गो0ब0 पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर से मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपने मकान के एक कमरे में बटन मशरूम एवं ढ़िंगरी मशरूम उत्पादन आरम्भ कर दिया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक भी गांव में भ्रमण करते हैं और मशरूम उत्पादन तथा अन्य उन्नत कृषि तकनीक अपनाने को प्रोत्साहित करते रहते हैं। एक–दो वर्ष बाद जैसे–जैसे मशरूम उत्पादन की दक्षता और आत्मविश्वास बढ़ा तो आपने क्षेत्रफल विस्तार किया। इनकी देखा–देखी गांव के कुछ अन्य कृषकों ने भी खेती के साथ–साथ मशरूम का कार्य आरम्भ किया है। मशरूम उत्पादन के लिए कम्पोस्ट तथा स्पान पंतनगर विश्वविद्यालय से प्राप्त हो जाता है। आज श्री चन्दोला मशरूम उत्पादन से आर्थिक सशक्त होने के साथ अपने गांव में प्रतिष्ठित उद्यमी के रूप में पहचान बना रहे हैं। आप क्षेत्र के युवाओं, खास कर जो पलायन कर रहे हैं, हेतु प्रेरणास्रोत बने हैं।

मैं और मेरे साथी किसान पंतनगर तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, ज्योलीकोट के आभारी हैं जहाँ से हमें मशरूम सम्बन्धी नवीनतम तकनीकी जानकारी मिलती है और वैज्ञानिक किसी भी प्रकार की समस्या निवारण हेतु हमेशा सहयोग करते हैं।

प्रगति का आधार – मशरूम उत्पादन

7.6 सब्जी उत्पादन ने दिखायी–समृद्धि की राह

ग्राम–भरवाड़ी (मणिगृह), विकास खण्ड–अगस्त्यमुनि, जनपद–रूद्रप्रयाग निवासी **श्री बलबीर लाल** विगत 10 वर्षों से सब्जियों की खेती कर रहे हैं। आप द्वारा भिण्डी, बैंगन, मिर्च, गोभी व बेल वाली सब्जियों का उत्पादन किया जाता है। घर का पुराना बीज एवं परम्परागत तकनीक के प्रयोग से काम चलाऊ पैदावार एवं स्थानीय बाजार में विक्रय हो जाता था, परन्तु आपका उन्नत खेती का सपना, खेती से आर्थिक स्तर बढ़ना, प्रगतिशील कृषक के रूप में सम्मान आदि फलीभूत नहीं हो रहा था। चौबीसो घंटे अथक मेहनत करके किसी तरह जीवन–यापन उन्हें नहीं भा रहा था। इन्हीं परिस्थितियों से लड़ते हुए 2–3 वर्ष पूर्व आपकी आतमा के अधिकारी से मुलाकात हुई तो आपने अपनी वर्षों की सोयी इच्छा उनके सामने व्यक्त की। उक्त अधिकारी ने आपके प्रक्षेत्र का भ्रमण किया एवं सलाह दी कि सब्जियों के नये बीजों का प्रयोग करते हुए उन्नत विधि से खेती करें। आपके सम्पर्क में आने पर विभागीय प्रदर्शन, प्रशिक्षण, गोष्ठी में भाग लेना, अन्य किसानों से सम्पर्क आदि बढ़ता गया और परिणाम स्वरूप आपकी खेती साल दर साल निखरती गई। बढ़ते आत्म विश्वास, आय वृद्धि से उत्साहित होकर आपने सब्जियों के क्षेत्रफल में भी वृद्धि की और विभागीय ''फार्म स्कूल संचालक'' बने। इसी बीच आपको समेटी–पंतनगर से सब्जियों की खेती पर प्रशिक्षण लेने का भी अवसर मिला, जिसका भरपूर लाभ लेते हुए आप बेमौसमी सब्जी उत्पादन कर रहे हैं। विभाग से आपको अनुदान पर जल संरक्षण टैंक भी मिला है, जिसका उपयोग सब्जियों की सिंचाई पर किया जाता है। फार्म स्कूल पर समय–समय पर अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण, गोष्ठी व कृषक–वैज्ञानिक संवाद आदि का भी आयोजन होता रहता है, जिसका लाभ उनके अतिरिक्त गांव के अन्य काश्तकार भी लेते हैं। आतमा के ही सहयोग से कृषकों की एक टोली के साथ आपको कृषि विज्ञान केन्द्र, जाखधार जाने का अवसर मिला। वहाँ से सीधे तकनीक को आप धीरे–धीरे अपनी खेती में भी अपना रहे हैं। इस प्रकार धीरे–धीरे पैदावार व बेहतर आर्थिकी ने उनका जीवन बदल दिया। वर्तमान में बच्चों से शिक्षा, उन्नत कृषि यंत्र से अच्छी कृषि इत्यादि उनके पूरे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को चार चाँद लगा रही है। आप आतमा के अधिकारियों और पंतनगर की भूरि–भूरि प्रशंसा करते नहीं थकते।

7.7 सब्जी उत्पादन तथा पशुपालन आधारित समन्वित कृषि प्रणाली द्वारा प्रगति के पथ पर

श्री भुवन लाल पुत्र श्री इश्वरी लाल, ग्राम–बाराकोट (बंजवाड़), विकास खण्ड–बाराकोट, जनपद–चम्पावत के रहने वाले हैं और 25 नाली भूमि पर खेती करते हैं। ब्लाक मुख्यालय से एक कि.मी. की दूरी पर स्थित इस गांव में काश्तकार लगभग सभी फसलें उगाते हैं। श्री लाल को हाईस्कूल में पढ़ते समय से ही अपने पिताजी का खेती में सहयोग करना बहुत अच्छा लगता था, परन्तु ये देखते थे कि परम्परागत खेती से इतना अनाज नहीं मिलता था जो पूरे वर्ष के लिए पर्याप्त हो। लगभग 05–06 वर्ष पूर्व वे जनपद के कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों से अपनी व्यथा बताई। तब उनके सलाह पर फसलों की नई प्रजातियाँ व सब्जियों की जैविक खेती प्रारम्भ की, जिसका आशातीत परिणाम मिला और धीरे–धीरे घर में नकद धन मिलना शुरू हो गया, जिससे उत्साहित होकर ये फ्रासबीन, टमाटर, शिमला मिर्च, गोभी, आलू, मटर, प्याज, लहसुन आदि की उन्नत विधि से खेती की, परिणाम स्वरूप आपकी आय में भारी बढ़ोत्तरी हुई। कुछ समय बाद आपको पशुपालन व्यवसाय से जुड़ने का मौका मिला। आतमा के सहयोग से आप समेटी पंतनगर में पशुपालन विषय पर प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के पश्चात् आप एक मुर्रा भैंस, दो साहीवाल गाय और 10 बकरी पाल कर दुग्ध उत्पादन में भी हाथ आजमाये। वर्तमान में आप बताते हैं कि शुरू में फसल एवं सब्जी से प्रतिवर्ष करीब रू. 34850.00 का मुनाफा होता था। परन्तु उन्नत तकनीक से खेती करने पर रू. 66000.00 हो गया। इसी प्रकार पशुपालन से पहले रू. 56000.00 मिलता था, परन्तु वर्तमान में प्रति वर्ष लगभग रू. 1.00 लाख का मुनाफा होता है। पशुओं से प्राप्त गोबर की खाद को अच्छी तरह सड़ा कर उसका प्रयोग सब्जियों में करना प्रारम्भ किया। जब आय बड़ी तो परिवार में बच्चों की बेहतर शिक्षा, सामाजिक रीति रिवाज का पालन, उन्नत कृषि यंत्र इत्यादि का क्रय किया। आपको राज्य सरकार से ''किसान श्री'', प्रगतिशील कृषक का सम्मान भी मिला है। श्री भुवन लाल की देखा–देखी क्षेत्र के अन्य युवा भी खेती में रोजगार के अवसर तलाश रहे हैं। आपकी क्षेत्र के जागरूक कृषक के रूप में पहचान है और आप दूसरों को भी अपनी क्षमतानुसार कृषि से जोड़ रहे हैं।

7.8 उन्नति की राह दिखाता मशरूम व बेमौसमी सब्जी उत्पादन

ग्राम–बिसराड़ी, विकास खण्ड–बाराकोट, जनपद–चम्पावत निवासी **श्री पुष्कर सिंह चौधरी** पुत्र श्री रूद्र सिंह का भी अन्य युवाओं जैसा हाल था। गरीबी के कारण उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर पाये और परिस्थितियों से समझौता करते हुए पैत्रिक खेती में बुजुर्गों का हाँथ बटाने लगे। आपका गांव विकास खण्ड मुख्यालय से लगभग 09 कि.मी. पर स्थित है। आपके पास करीब 75 नाली खेती की जमीन है, जिसमें से 10 नाली सिंचित है। आपने देखा कि परम्परागत विधि से खेती के कारण बहुत श्रम करने के बाद भी बमुश्किल पूरे वर्ष का गुजारा हो पाता था। आपके मन में हमेशा यह चलता था कि यदि खेती आधुनिक तरीके से की जाय तो परिवार की दिशा और दशा बदल सकती है। इन्हीं सब के बारे में मंथन करते हुए आप आतमा के अधिकारी के सम्पर्क में आये एवं एक दिन उन्हीं के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र गये, जहाँ की खेती देखकर उनकी आँखें खुल गयी। सीमित निवेश, वर्षा क्षेत्र एवं बिखरी खेती जैसी समस्याओं के बीच आपने धीरे–धीरे आधुनिक खेती प्रारम्भ की। फलतः आर्थिक लाभ में भी वृद्धि हुई। इससे उत्साहित होकर आप जिले में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण, गोष्ठियों में भाग लेना शुरू किया, जिससे ज्ञानवर्धन व क्षमता विकास भी हुआ। आतमा के सहयोग से आपने समेटी, पंतनगर से दो प्रशिक्षण क्रमशः फसल और सब्जियों की जैविक खेती तथा दुग्ध उत्पादन व दुधारू पशुओं का प्रबन्धन विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किये, जिससे आपने खेती और पशुपालन से बेहतर आय वर्धन का मार्ग प्रशस्त किया। जनपद स्तर पर आप धीरे–धीरे अपनी पहचान बनाने लगे और हरिद्वार, नोएडा, ज्योलीकोट, मजखाली (रानीखेत), देहरादून आदि से विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किये। तकनीकी दक्षता हासिल करने के बाद श्री पुष्कर सिंह चौधरी आलू, बन्द गोभी, प्याज, लहसुन, टमाटर व मशरूम आदि की खेती कर रहे हैं। फसलों में आप गेहूँ, धान, मंडुवा, सोयाबीन, गहत, मसूर आदि की उन्नत प्रजातियों का प्रयोग करते हुए खेती करते हैं। स्थानीय बाजार में आपके सब्जी की भारी माँग रहती है। आपको आतमा योजना से प्रगतिशील कृषक सम्मान ''किसान श्री'' से सम्मानित किया जा चुका है। पूर्व में वर्ष 2010–11 में जहाँ आपको खेती से कुल लगभग रू.60000.00 का शुद्ध लाभ होता था, अब उन्नत तकनीक के प्रयोग से रू.1.35 लाख का लाभ मिलता है। श्री चौधरी की कृषि में विशेषज्ञता का लाभ लेते हुए गॉव के 4–5 अन्य युवा कृषक जो कृषि छोड़ रहे थे, अब इनके मार्गदर्शन में पुनः उन्नत खेती शुरू किये हैं। इस प्रकार कृषक, अधिकारी और वैज्ञानिक का गठजोड़ आपके सफलता की कुंजी बनी।

7.9 बेमौसमी सब्जी उत्पादन द्वारा आय संवर्धन

''जहाँ चाह–वहाँ राह'' को चरितार्थ किया हाईस्कूल पास **श्री देवेन्द्र कुमार** पुत्र श्री शिव राम, ग्राम–नरसिंह डाण्डा, जनपद–चम्पावत ने, जिनके पूरे परिवार का भरण पोषण पुरखों से मिली खेती/कृषि से होता है। आपके पास करीब 1.0 हैक्टेयर खेत है, जिससे वो गांव के अन्य कृषकों की भाँति परम्परागत खेती करते थे। दो–तीन वर्ष पूर्व आप कृषि विभाग के सम्पर्क में आये और अधिकारियों के मार्गदर्शन में आप धीरे–धीरे नवीनतम कृषि प्रणाली अपनाकर खेती शुरू किये। इसी क्रम में आप अन्य रेखीय विभाग के सम्पर्क में आकर फसलोत्पादन, पशुपालन, सब्जी व फलोत्पादन व साथ ही फूल उत्पादन प्रारम्भ किये। धीरे–धीरे आत्म विश्वास बढ़ा तो आप कृषि की उन्नत प्रणाली, उन्नतशील बीज, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग कर खेती करने लगे। विभागों द्वारा आयोजित कृषक गोष्ठी, किसान मेले, प्रशिक्षण व भ्रमण में प्रतिभाग करना प्रारम्भ किया। आपके जीवन में निर्णायक मोड़ तब आया जब आतमा योजनान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए समेटी–गो0ब0 पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर भेजा गया, जहाँ उन्हें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा नवीनतम कृषि तकनीक तथा विभिन्न शोध केन्द्रों में भ्रमण कराया गया। यहाँ की कृषि तकनीक देखकर आपकी आँखे खुली और सतत् रूप से पंतनगर से सीखी तकनीक को आप अपने प्रक्षेत्र में पॉली हाउस में सब्जी उत्पादन, पॉली टनल में नर्सरी में पौध उत्पादन, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, पॉली हाउस में लीलीयम की खेती एवं पशुपालन में उपयोग करने लगे। पशुपालन से जहॉ पहले 05 लीटर दूध प्रतिदिन मिलता था, पन्तनगर व विभागीय तकनीक से वर्तमान में 10 लीटर दूध प्रतिदिन मिल रहा है। आप आतमा द्वारा कृषक से कृषक प्रसार के सपने को मूर्तरूप देने वाले ''फार्म स्कूल'' के संचालक भी है। आपने आड़ू, खुमानी, संतरा आदि फलों का बाग भी लगाया है। आप हर्षमिश्रित आवाज में बताते है कि पारंपरिक खेती से उन्हें लगभग रू. 40 हजार की बचत होती थी जब तकनीक अपनाने पर लगभग रू. 1.10 लाख शुद्ध लाभ हो रहा है। इनके उन्नत कृषि मॉडल से प्रभावित होकर गांव क्षेत्र के अन्य कृषक भी इनके दिशा निर्देशन में यह मॉडल अपना रहे हैं। वर्ष 2019–20 में इन्हें आतमा द्वारा ''किसान भूषण'' सम्मान से सुशोभित किया गया है।

सफल किसान की पहचान – कृषि विविधीकरण

7.10 सब्जी व दुग्ध उत्पादन–सतत् आय का साधन

श्री बहादुर सिंह कण्डारी पुत्र श्री भवान सिंह कण्डारी, उम्र 50 वर्ष जनपद–अल्मोड़ा के दूरस्थ विकास खण्ड–स्याल्दे के ग्राम–कुमालेश्वर के रहने वाले हैं। आपका क्षेत्र धान–गेहूँ फसल चक्र के लिए जाना जाता है, परन्तु निरन्तर यहीं फसलें उगाने के कारण साल दर साल उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव दिख रहा था। उक्त परिस्थितिवश आप कृषि में कुछ अलग करना चाह रहे थे। आपके पास कृषि योग्य कुल भूमि 51 नाली, जिसमें से 25 नाली सिंचित एवं 26 नाली असिंचित है। वर्श 2012–13 में कृषि विज्ञान केन्द्र, मटेला (अल्मोड़ा) के वैज्ञानिकों द्वारा आपके क्षेत्र में अंगीकृत ग्रामों में खूब भ्रमण होता था। इसी दौरान आपका सम्पर्क वैज्ञानिकों से हुआ। वैज्ञानिकों ने उन्हें नवीन तकनीक, विविधिकरण आदि अपनाने की सलाह दी, जिस पर अमल करते हुए पिछले पांच वर्षो से टमाटर, शिमला मिर्च लौकी, ककड़ी व अन्य बेमौसमी सब्जी, बासमती घान तथा दूध व पनीर व्यवसाय कर रहे हैं। आपके पास दो पॉली हाउस, एक जल संरक्षण टैंक एवं एक जल पम्प हैं। आतमा परियोजना से विकास खण्ड स्तर पर प्रगतिशील कृषक के रूप में एवं गो0ब0 पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर किसान मेले में अल्मोड़ा जिले से प्रगतिशील कृषक के रूप में चयनित एवं सम्मानित हैं। आपने समेटी से भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है एवं आप प्रायः पंतनगर किसान मेले भी में आते रहते हैं। आप टमाटर से रू. 1.5 लाख, दूध एवं पनीर से रू.1.0 लाख एवं अन्य विविध श्रोतों से रू. 50 हजार सकल लगभग रू. 3.0 लाख वार्षिक शुद्ध आय अर्जित करते हैं। आपने अपने क्षेत्र के अन्य काश्तकारों को टमाटर व दुग्ध व्यवसाय हेतु प्रेरित किया, यद्वपि इनके प्रेरणा से बहुत से क्षेत्रीय काश्तकार विशेषकर टमाटर की खेती को व्यवसाय के रूप में अपना रहे हैं।

सब्जी व पशुपालन करते श्री बहादुर सिंह कण्डारी

7.11 प्रगति की राह दिखाती–जैविक खेती

ग्राम–क्वैराली (धौलादेवी), अल्मोड़ा निवासी **श्री उर्वादत्त उपाध्याय** जो लगभग 20 नाली क्षेत्रफल में खेती करते हैं, की पहाड़ की विकराल समस्या जैसे वर्षा आधारित खेती, बिखरे खेत, जंगली जानवरों की समस्या, तकनीकी जानकारी का अभाव इत्यादि मुंह खोले खड़ी थी। आप पूर्व में धान, गेहूँ, मंडुवा, मादिरा, सोयाबीन, भट्ट, तिलहन आदि की खेती करते थे, जिनसे हाड़तोड़ परिश्रम के बाद भी घर में भुखमरी छायी रहती थी। समय पर वर्षा हुई तो काम चलाऊ अनाज मिल जाता था अन्यथा वही कहानी। इन्हीं विषम परिस्थितियों के बीच 4–5 वर्ष पूर्व गांव में कृषि विभाग द्वारा जैविक कृषि पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें जैविक खेती क्या है, क्या लाभ हैं, जैविक खाद, जैविक उर्वरक, जैविक रसायन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गांव में आये अधिकारियों से आपने यह तकनीक अपनाने व मार्गदर्शन की अपील की। धीरे–धीरे आप अधिकारियों के साथ समन्वयन बनाकर जैविक सब्जी उत्पादन व पशुपालन आरम्भ किये। विगत वर्ष आपने समेटी–पंतनगर से भी उपरोक्त विषयक प्रशिक्षण लिया, जिससे आपकी खेती और समृद्ध हुई। आप बताते हैं कि विपणन की भी कोई समस्या नहीं है और सभी उत्पाद स्थानीय बाजार में बिक जाते हैं। पूर्व में जहाँ आपको कृषि से बमुश्किल प्रति वर्ष रू. 15000.00 मिलते थे, अब जैविक सब्जी और पशुपालन से 60 से 70 हजार का शुद्ध लाभ अर्जित कर रहे हैं। आतमा से मिलने वाले ब्लाक स्तरीय पुरस्कार ''किसान श्री'' से भी आप विभूषित हैं। आज आपके नक्शे पर गांव के अन्य युवा भी कृषि की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

7.12 समन्वित कृषि प्रणाली से बढ़ती आर्थिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा

श्रीमती विमला नेगी पत्नी श्री पूरन सिंह, ग्राम–हवालबाग, विकास खण्ड–हवालबाग, जनपद–अल्मोड़ा निवासी के पास 21 नाली खेत है, जिनसे पूरे परिवार का भरण–पोषण होता है। आपका परिवार पूर्णतया खेती पर निर्भर रहता है। अपने खेतों में धान, मंडुवा, गहत, मट्ट, गेहूँ, तिलहन, आलू आदि की खेती करती है, जिसमें इनके पति व बच्चे भी मदद करते हैं। श्रीमती नेगी इस परम्परागत खेती से खुश नहीं थी, परन्तु रीति रिवाज निभाते हुए बस किसी तरह जीवन–यापन कर रही थीं। आपका गांव चूँकि ब्लाक के बिलकुल पास है। अतः आप वहाँ कृषि, उद्यान, पशुपालन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर उन्नत कृषि हेतु मदद माँगी। अधिकारियों से सम्पर्क बढ़ने पर सर्वप्रथम उन्नत पशुपालन, फिर कुक्कुट पालन एवं मत्स्य पालन की शुरूआत की। खेत में सब्जी उत्पादन का भी श्री गणेश हुआ और आज आपका प्रक्षेत्र समन्वित कृषि प्रणाली का आदर्श नमूना है। आपके पास इस समय 02 गाय, 01 भैंस व 300 मुर्गियाँ हैं। कृषि विभाग के फार्म मशीनरी योजनान्तर्गत आपने समूह बनाकर पावर टिलर भी लिया है, जिसका समूह के सभी सदस्य प्रभावी उपयोग कर रहे हैं। पिछले वर्ष जून में आपको ''मृदा उर्वरता प्रबन्धन'' विषय पर समेटी–पंतनगर में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला, जिसका आप अपने सब्जी उत्पादन में प्रभावी उपयोग कर रही हैं। पंतनगर के विभिन्न शोध केन्द्र के भ्रमण से भी आपको व्यावहारिक ज्ञान उन्नयन हुआ, जिसका लाभ डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्य पालन के निरन्तर सुदृढ़ीकरण में हो रहा है। इस तरह जहाँ पहले परिवार का भरण–पोषण बमुश्किल होता था, अब पूरे परिवार का सर्वांगीण विकास हो रहा है। आतमा से आपको पशुपालन में जनपद स्तरीय ''किसान भूषण'' सम्मान भी मिला है। आप वर्तमान में चल रहे अपने कृषि कार्यक्रम से अत्यन्त खुश है, सभी बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अन्त में आप जनपद के विभिन्न विभाग, विशेषकर आतमा एवं पंतनगर के वैज्ञानिकों की भूरि–भूरि प्रशंसा करती है।

8 समेटी–उत्तराखण्ड का वर्ष 2019–2020 का व्यय विवरण

(रू0 लाख)

01.04.2019 को उपलब्ध धन		वर्ष 2019–2020 में प्राप्त धन	योग (12)	वास्तविक व्यय 31.03.20 तक
1		2	3	4
आपरेशनल मद				1139775.00
प्रशिक्षण				647132.00
पारिश्रमिक				.
साहित्य				.
कन्टीजैन्सी				.
योग				**1786907.00**
सफलता की कहानियां मद				.
वाहन/पी.ओ.एल. मद				37000.00
अनावर्ती मद				.
योग	**718861.00**	**1330000.00**	**2048861.00**	**1823907.00**

9 कार्ययोजना–वर्ष 2020–21

अ. प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र. सं.	विषय	दिनांक/अवधि	विभाग	प्रतिभागियों की संख्या(लक्ष्य)	प्रतिभागी
अप्रैल, 2020					
1.	उन्नत खरीफ फसलोत्पादन तकनीक	अप्रैल 27–30, 2020 (चार दिन)	कृषि विभाग	40	प्रत्येक जनपद से कृषि विभाग के 4–4 प्रसार कर्मी, कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील कृषक
मई, 2020					
2.	आय वृद्धि हेतु मुर्गी पालन	मई 13–16, 2020 (चार दिन)	पशुपालन विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 कुक्कुट फार्म स्कूलों के संचालक, पशुधन प्रसार अधिकारी, बी.टी.एम., कुक्कुट पालक
3.	मोटे अनाजों की उन्नत खेती एवं मूल्यवर्धन	मई 20–22, 2020 (तीन दिन)	कृषि विभाग	40	हरिद्वार तथा ऊधमसिंहनगर जनपदों को छोड़कर शेष जनपदों से कृषि विभाग के 4–4 प्रसार कर्मी, प्रगतिशील कृषक आदि
जून, 2020					
4.	मृदा परीक्षण एवं समन्वित उर्वरक प्रयोग	जून 10–13, 2020 (चार दिन)	कृषि/उद्यान विभाग	40	मृदा परीक्षण से जुड़े प्रसार कर्मी तथा एन.जी.ओ., एफ.ए.सी. सदस्य, खाद डीलर, प्रगतिशील कृषक, बी.टी.एम., पौड़ी व अल्मोड़ा से 6–6, शेष जनपदों से 3–3 प्रतिभागी
जुलाई 2020					
5.	मत्स्य पालन– समृद्धि का आधार	जुलाई 15–18, 2020 (चार दिन)	मत्स्य पालन विभाग	40	मत्स्य निरीक्षक, मत्स्य पालक, एफ.एफ.डी.ए. जल सम्भरण योजना से लाभान्वित कृषक– ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार, एवं देहरादून से 10–10 तथा नैनीताल एवं चम्पावत के मैदानी क्षेत्रों से 5–5 प्रतिभागी
6.	जैविक फसल एवं सब्जी उत्पादन तकनीक	जुलाई 22–25, 2020 (चार दिन)	कृषि/उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 बी.टी.एम., बी.टी.टी. एवं एफ.ए.सी. सदस्य, जैविक खाद्यान्न उत्पादक समितियों के सदस्य/अध्यक्ष, जैविक खेती से जुड़े प्रसार कर्मी एवं कृषक
7.	व्यावसायिक मशरूम उत्पादन	जुलाई 28–31, 2020 (चार दिन)	कृषि/उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 मषरूम उत्पादक, उद्यान निरीक्षक, एफ.ए.सी. सदस्य, बी.टी.एम., अचीवर कृषक, एच.टी.एम. के प्रसार कर्मी
अगस्त 2020					
8.	उन्नत पशुपालन एवं दुधारू पशुओं का प्रबन्धन	अगस्त 19–22, 2020 (चार दिन)	पशुपालन/दुग्ध विकास विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 प्रगतिशील पशुपालक, पशुपालन विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी
9.	फल एवं सब्जी प्रसंस्करण– एक लाभकारी व्यवसाय	अगस्त 26–29, 2020 (चार दिन)	उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 सब्जी/फल उत्पादक कृषक एवं उद्यान विभाग के प्रसार कर्मी
सितम्बर 2020					
10.	फलवृक्ष/सब्जियों में समन्वित कीट एवं रोग प्रबन्धन	सितम्बर 01–04, 2020 (चार दिन)	उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 सब्जी/फल उत्पादक कृषक एवं उद्यान विभाग के प्रसार कर्मी
11.	औषधीय तथा सगन्ध पौध उत्पादन तकनीक, मूल्यवर्धन एवं बाजार व्यवस्था	सितम्बर 09–12, 2020 (चार दिन)	उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 नर्सरी पालक, एफ.ए.सी. सदस्य, बी.टी.एम., उद्यान निरीक्षक/पर्यवेक्षक तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक
12.	रबी फसलोत्पादन की उन्नत तकनीक	सितम्बर 23–26, 2020 (चार दिन)	कृषि/उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 प्रसार कर्मी, सदस्य बी.टी.टी. एवं एफ.ए.सी., बी.टी.एम., कृषक तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक
अक्टूबर 2020					
13.	उन्नत गन्ना उत्पादन तकनीक	अक्टूबर 14–16, 2020 (तीन दिन)	गन्ना विभाग, काशीपुर	40	ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार, देहरादून से 12–12, नैनीताल तथा चम्पावत के मैदानी क्षेत्रों से 4 व 5 गन्ना पर्यवेक्षक/निरीक्षक, बी.टी.एम., सदस्य बी.टी.टी. एवं गन्ना उत्पादक कृषक आदि

क्र. सं.	विषय	दिनांक / अवधि	विभाग	प्रतिभागियों की संख्या(लक्ष्य)	प्रतिभागी
			अक्टूबर 2020		
14.	व्यावसायिक मशरूम उत्पादन	अक्टूबर 19–22, 2020 (चार दिन)	कृषि / उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 मशरूम उत्पादक, उद्यान निरीक्षक, एफ.ए.सी. सदस्य, बी.टी.एम., अचीवर कृषक, एच.टी.एम. के प्रसार कर्मी
15.	मधुमक्खी पालनः स्वरोजगार का सुलभ माध्यम	अक्टूबर 26–29, 2020 (चार दिन)	कृषि / उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 मधुमक्खी पालक, प्रगतिशील कृषक, एफ.ए.सी. सदस्य, मधुमक्खी पालन निरीक्षक, एच.टी.एम. के प्रसार कर्मी
			नवम्बर 2020		
16.	शीतजल मत्स्य पालन तकनीक	नवम्बर 03–06, 2020 (चार दिन)	मत्स्य पालन विभाग	40	9 पहाड़ी जनपदों से 5–5 प्रगतिशील मत्स्य पालक, एफ.एफ.डी.ए. के सदस्य
17.	संरक्षित सब्जी उत्पादन	नवम्बर 18–21, 2020 (चार दिन)	उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 सब्जी उत्पादक, प्रगतिशील कृषक, सब्जी के फार्म स्कूल संचालक, एफ.ए.सी. सदस्य, बी.टी.एम.
			दिसम्बर 2020		
18.	निरन्तर आय सृजन हेतु मुर्गी पालन	दिसम्बर 08–11, 2020 (चार दिन)	पशुपालन विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 कुक्कुट फार्म स्कूलों के संचालक, पषुधन प्रसार अधिकारी, बी.टी.एम. एवं कुक्कुट पालक
19.	उन्नत पशुपालन एवं दुधारू पशुओं का प्रबन्धन	दिसम्बर 21–24, 2020 (चार दिन)	पशुपालन / दुग्ध विकास विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 प्रगतिशील पशुपालक, पशुपालन विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी
20.	पुष्पों की उन्नत खेती, मूल्यवर्धन एवं बाजार व्यवस्था	दिसम्बर 28–31, 2020 (चार दिन)	उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 प्रगतिशील कृषक, एफ.ए.सी. सदस्य, बी.टी.एम., पुष्प उत्पादक कृषक, एच.टी.एम. के प्रसार कर्मी
			जनवरी 2021		
21.	जैविक कृषि	जनवरी 07–09, 2021 (तीन दिन)	कृषि / उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 बी.टी.एम., बी.टी.टी. एवं एफ.ए.सी. सदस्य, जैविक खेती से जुड़े प्रसार कर्मी एवं कृषक
22.	उन्नत कृषि यंत्रों की उपयोगिता एवं रखरखाव	जनवरी 13–16, 2021 (चार दिन)	कृषि / उद्यान / पशुपालन विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 प्रगतिशील कृषक, बी.टी.एम., बी.टी.टी. संयोजक, एफ.ए.सी. सदस्य आदि
			फरवरी 2021		
23.	व्यावसायिक मशरूम उत्पादन	फरवरी 02–05, 2021 (चार दिन)	कृषि / उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 मषरूम उत्पादक, उद्यान निरीक्षक, एफ.ए.सी. सदस्य, बी.टी.एम., अचीवर कृषक, एच.टी.एम. के प्रसार कर्मी
24.	मधुमक्खी पालनः स्वरोजगार का सुलभ माध्यम	फरवरी 10–13, 2021 (चार दिन)	कृषि / उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 मधुमक्खी पालक, प्रगतिशील कृषक, एफ.ए.सी. सदस्य, मधुमक्खी पालन निरीक्षक, एच.टी.एम. के प्रसार कर्मी
25.	संरक्षित सब्जी उत्पादन	फरवरी 24–27, 2021 (चार दिन)	उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 सब्जी उत्पादक, प्रगतिशील कृषक, सब्जी के फार्म स्कूल संचालक, एफ.ए.सी. सदस्य, बी.टी.एम.
			मार्च 2021		
26.	सूचना तकनीक का कृषि प्रसार में उपयोग	मार्च 01–03, 2021 (तीन दिन)	समस्त रेखीय विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 कृषि तथा रेखीय विभागों के वरिष्ठ प्रसार कर्मी / अधिकारी बी.टी.एम. तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक
27.	पौधशाला प्रबन्धन	मार्च 17–19, 2021 (तीन दिन)	उद्यान विभाग	40	प्रत्येक जनपद से 3 से 4 नर्सरी पालक, एफ.ए.सी. सदस्य, बी.टी.एम., उद्यान निरीक्षक / पर्यवेक्षक आदि

ब. पुस्तकों का प्रकाशन

सफलता की कहानी विशयक पुस्तिका

स. कृषि प्रसार प्रबन्धन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

वर्ष 2020–21 में कृषि प्रसार प्रबन्धन विषय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हेतु राज्य के विभिन्न रेखीय विभागों से कृषि स्नातक कर्मचारियों / अधिकारियों को नामित करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। अभ्यर्थियों की संख्या 25 होने पर समेटी–उत्तराखण्ड द्वारा स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम का समन्वयन किया जाएगा।

य. परामर्शदायी सेवा

सम्बन्धित विभागों को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। परियोजनाएं मिलने पर परामर्श सेवा उपलब्ध करायी जाएंगी।

10 समेटी–उत्तराखण्ड का वर्ष 2020–21 का बजट प्रस्ताव

A- State Level Activities				
S. No.	**Activity**	**Unit**	**SAMETI**	
			Physical	**Financial (in lakh)**
A-2	(a) Taining Course : National/ Interstate/with in the State (SAMETI) level fee for IGNOU Courses – both Govt. & Non-Govt. functionaries	Mandays	887	**13.30**
	Upgrading & restructuring of SAMETI			
A-8	**Recurring**			
	(a) Pay & Allowances of specilist & functionaries	-	-	**4.00**
	(b) Operational Expences	Per year	-	**20.00**
	(c) Documentation of Success Stories	Per year	-	**2.00**
	(d) Vehicle hiring	Per year	-	**2.00**
	Non-recurring			
	(e) Eauipment	-	-	**-**
	(i) Computer with accessories / Computer Printer/ UPS	-	-	**3.50**
	(ii) Photo Copier Machine	-	-	**2.50**
	(iii) Laptop	-	-	**1.00**
	(iv) Furniture/ AC/ Fridge	-	-	**7.50**
	(v) Camera/CCTV Camera	-	-	**2.00**
	(f)Grant for infrastructure support/building maintainance & furnishing of training hall	-	-	**5.00**
	Total: A-2 & A-8			**62.80**